# तरंग

**सुविचार**

"सच्चाई का रास्ता जितना कठिन है, ये रास्ता उतना ही सरल भी होता है।"

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल
का मासिक ई - न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com माह- मई 2025 अंक - 23 वां




## संदेश




बड़े हर्ष का विषय है कि वर्ष- 2025 का पाँचवा ई- न्यूज लेटर आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह ई- न्यूज लेटर महाविद्यालयीन गतिविधियों, छात्र उपलब्धि और आपकी प्रतिक्रियाओं का दर्पण है। 'नयी कलम से' स्तंभ आपकी रचनाओं के लिए हैं। 'स्टूडेंट कॉर्नर' में आप अपनी प्रतिक्रिया और सुझावों द्वारा इस ई-न्यूज लेटर को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। 'तरंग स्टार' में प्रत्येक माह आपके किसी साथी को स्थान मिलता है। यह छात्र-प्रोत्साहन का अनूठा प्रयास है। मैं विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से अनुरोध करता हूँ कि इस ई-न्यूज लेटर 'तरंग' को और अधिक प्रभावी, समसामयिक और छात्रोपयोगी बनाने हेतु समय - समय पर अपने सुझाव प्रेषित करते रहें।

शुभकामनाओं के साथ ।

डॉ. संजय जैन
प्राचार्य

# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ

## हिन्दी विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन












01/04/2025 बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल में प्राचार्य डॉ. संजय जैन के नेतृत्व में हिंदी विभाग द्वारा दिनांक- 01/04/2025 को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित आधार पाठ्यक्रम (फाउंडेशन कोर्स) हिन्दी भाषा और संस्कृति पर केन्द्रित प्रश्नपत्र के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा जादौन के द्वारा संग्रहित पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्रों को विद्यार्थियों के अवलोकनार्थ रखा गया, विद्यार्थियों ने जिन्हें अवलोकित किया। इस अवसर पर श्रीमती शालिनी तिवारी के द्वारा आधार पाठ्यक्रम अंग्रेजी के प्रश्नपत्र और उसके पाठ्यक्रम की उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। डॉ. कमलेश सिंह नेगी के द्वारा आधार पाठ्यक्रम हिंदी के पाठ्यक्रम और उसके प्रश्नपत्र को हल करने और परीक्षा में अच्छे अंक कैसे प्राप्त करें, इस बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। डॉ. निर्मला शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि आधार पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र को हल करते समय ओ.एम.आर.शीट की पूर्ति सावधानीपूर्वक करें तो विद्यार्थी अनावश्यक समस्याओं से बच सकते हैं। श्री सौरव सिंह ने कहा कि परीक्षा के समय विद्यार्थियों को तनाव रहित होकर तैयारी करना चाहिए। श्रीमती पूनम वरवड़े ने कहा कि परीक्षा की अच्छी तैयारी एवं सफलता के लिए विद्यार्थियों को समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यशाला में स्नातक स्तर के विद्यार्थी सम्मिलित रहे। जिन्होंने परीक्षा के संबंध में अनेक प्रश्न पूछे। विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का उचित समाधान किया गया। स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा से पूर्व यह कार्यशाला अपने सतत लक्ष्यों के साथ धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

## महाविद्यालय में आयोजित शिक्षक अभिभावक बैठक










03/04/2025 महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की एवं सभी ने अपने-अपने विचार रखे।

## भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा आयोजित बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में की सहभागिता









10/04/2025 भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा रविन्द्र भवन में आयोजित बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. समता जैन, श्रीमती प्रतिभा डेहरिया, श्रीमती चित्रा खरे एवं अन्य प्राध्यापकों ने सहभागिता की।




# एन.सी.सी. केडेट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल के सत्र 2024-25 के एन. सी. सी. बैच ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्था का गौरव बढ़ाया, जिसमें अखिलेश कुमार, सुजल, पुष्पेन्द्र, पारूल एवं ताकेश्वरी ने 'सी' सर्टिफिकेट परीक्षा में ए ग्रेड प्राप्त करना, अखिलेश कुमार द्वारा एस. एन. आई. सी. अंडमान-निकोबार में सहभागिता करना तथा अंकित, पुष्पेंद्र, सूरज, पंकज, निखिल द्विवेदी, पारुल, करन ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में सहभागिता उल्लेखनीय है । प्राचार्य डॉ. संजय जैन एवं एन.सी.सी. ऑफिसर डॉ. वर्षा चौहान ने सभी केडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ल भविष्य की शुभकामनाएं दी है ।

# महाविद्यालय में किया गया अंबेडकर जयंती का आयोजन











15/04/2025 महाविद्यालय में दिनांक-15 अप्रैल 2025 को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय डॉ. आलोक पांडे जी जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जन भागीदारी अध्यक्ष माननीय श्री बारेलाल जी और प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. आलोक पांडे का प्राचार्य डॉ.संजय जैन द्वारा शॉल, श्रीफल और तुलसी के पौधे से स्वागत किया गया । महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य महोदय द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न भी भेंट किया गया । जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल जी का स्वागत अजवाइन के पौधे, शॉल, श्रीफल द्वारा किया गया । प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए हम कह सकते हैं कि हमारे जीवन में डॉ. अंबेडकर जी का योगदान अद्वितीय है। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ. आलोक पांडे ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का व्यक्तित्व जीवन संघर्षों, लक्ष्य, निर्धारण, संकल्प और दृढ़ता से बना है। उनका पारिवारिक जीवन संघर्षमय नहीं था, किंतु सामाजिक वैमनस्यता का उन्हें सामना करना पड़ा। कुशाग्र बुद्धि के धनी डॉ. भीमराव अपनी लगन, मूल्यांकन क्षमता और दूरदर्शिता के कारण विशिष्ट पहचान बनाने में सफल हुए उन्होंने जातिगत अन्याय का विरोध मौन रहकर किया और सामाजिक कुरीतियों के विरोध में निरंतर कार्य किया। समानता, बंधुत्व उनका लक्ष्य था, जिसे पाने में वे सफल रहे अस्पृश्यता दूर करने में सामाजिक समरसता बनाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में विजय कश्यप, दिनेश राजपाली, हर्ष नामदेव, अशोक गौतम आदि राजनीति शास्त्र एम.ए. के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे । कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीता बादल ने किया। इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों की उपस्थित और सहभागिता प्रशंसनीय थी। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. अनुपमा यादव ने किया।

## पहलगांव हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी







29/04/2025 पहलगांव हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी तथा आतंकियों के इस कायराना हरकत की भर्त्सना की गयी।इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार, सदस्य तेजसिंह ठाकुर प्राचार्य डॉ. संजय जैन एवं महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं कार्यालयीन स्टाफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरोजिनी नायडू स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल में आयोजित कार्यशाला में सहभागिता










29/04/2025 को नूतन कॉलेज के हिंदी विभाग में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसमें स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रश्न बैंक पर सार्थक चर्चा की गयी। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल से विषय -विशेषज्ञ के रूप में डॉ.सुषमा जादौन ने सहभागिता की।

# महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी जी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन





















29/04/2025 महाविद्यालय को क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी जी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार जी, प्राचार्य डॉ.संजय जैन , समस्त प्राध्यापक और कार्यालयीन स्टाफ के साथ श्रीमती सुषमा तिवारी मेडम का समस्त परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्मृति चौहान द्वारा किया गया । प्राचार्य डॉ संजय जैन ने श्रीमती सुषमा तिवारी मेडम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सदा स्वस्थ जीवन जिएं। श्रीमती सुषमा तिवारी के परिवार के सदस्यों ने मेडम की सेवानिवृत्ति पर भावपूर्ण विचार व्यक्त किए। स्टाफ क्लब और कार्यालयीन स्टाफ की ओर से मेडम तिवारी को शॉल,श्रीफल और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। स्टाफ क्लब की ओर से डॉ.अनुराधा दुबे ने महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।अंत में अतिथि विद्वान डॉ .निर्मला शुक्ला द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# समाचार पत्रों से

## प्रभावशाली विज्ञापन की विपणन रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका : खुशबू

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल




बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल शोध केन्द्र से खुशबू पैगवार को 'भारत वर्ष में आयुष उत्पादों की विपणन व्यूह रचना का मूल्यांकन पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड एवं डाबर इंडिया लिमिटेड के विशेष संदर्भ में' विषय पर वाणिज्य संकाय में शोध प्रबंध प्रस्तुत करने पर बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। खुशबू पैगवार ने पतंजलि और डाबर के उत्पादों पर शोधात्मक अध्ययन कर पाया कि वर्तमान में प्रभावशाली विज्ञापन, विपणन रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। विपणन में वस्तुओं और सेवाओं के क्रय विक्रय से पूर्व और पश्चात की क्रियाएं भी शामिल होती हैं। आयुष उत्पाद स्वास्थ्य से संबंधित होते अत उनको क्रय करते समय उपभोक्ता की संवेदनशीलता अधिक रहती है। आयुर्वेद जैसी प्राकृतिक उपचार प्रणाली का इतिहास लगभग पांच हजार साल पुराना है। भारत वर्ष मे वर्तमान में भी आयुष उत्पाद लोकप्रिय हैं। विपणन रणनीति उत्पाद, मूल्य और स्थान से भी प्रभावित होती है। भारत में आयुष उत्पादों का भविष्य उज्जवल है। खुशबू पैगवार ने यह शोधकार्य प्राचार्य डॉ. संजय जैन प्राध्यापक वाणिज्य के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।

## बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय ने खुशबू पैगवार को पीएच .डी.की उपाधि प्रदान की

प्रभावशाली विज्ञापन की विपणन रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका



भोपाल। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल भोपाल शोध केन्द्र से खुशबू पैगवार को ÷भारत वर्ष में आयुष उत्पादों की विपणन व्यूह रचना का मूल्यांकन÷ पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड एवं डाबर इंडिया लिमिटेड के विशेष संदर्भ में ÷ विषय पर वाणिज्य संकाय में शोध प्रबंध प्रस्तुत करने पर बरकतुल्लह विश्वविद्यालय द्वारा पीएच .डी.की उपाधि प्रदान की गई. खुशबू पैगवार ने पतंजलि और डाबर के उत्पादों पर शोधात्मक अध्ययन कर पाया कि वर्तमान में प्रभावशाली विज्ञापन, विपणन रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण घटक है .विपणन में वस्तुओं और सेवाओं के क्रय विक्रय से पूर्व और पश्चात की क्रियाएं भी शामिल होती हैं. आयुष उत्पाद स्वास्थ्य से संबंधित होते अत उनको क्रय करते समय उपभोक्ता की संवेदनशीलता अधिक रहती है .आयुर्वेद जैसी प्राकृतिक उपचार प्रणाली का इतिहास लगभग पांच हजार साल पुराना है . भारत वर्ष मे वर्तमान में भी आयुष उत्पाद लोकप्रिय हैं .विपणन रणनीति उत्पाद, मूल्य और स्थान से भी प्रभावित होती है.भारत में आयुष उत्पादों का भविष्य उज्जवल है.खुशबू पैगवार ने यह शोधकार्य प्राचार्य डा. संजय जैन प्राध्यापक वाणिज्य के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।

## खुशबू पैगवार को पीएचडी की उपाधि

**पब्लिक वाणी, भोपाल।** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल भोपाल शोध केन्द्र से खुशबू पैगवार को 'भारत वर्ष में आयुष उत्पादों की विपणन व्यूह रचना का मूल्यांकनः पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड एवं डाबर इंडिया लिमिटेड के विशेष संदर्भ में' विषय पर



वाणिज्य संकाय में शोध प्रबंध प्रस्तुत करने पर बरकतुल्लह विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी.की उपाधि प्रदान की गई। खुशबू पैगवार ने पतंजलि और डाबर के उत्पादों पर शोधात्मक अध्ययन कर पाया कि वर्तमान में प्रभावशाली विज्ञापन, विपणन रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। खुशबू पैगवार ने यह शोधकार्य प्राचार्य डा. संजय जैन प्राध्यापक वाणिज्य के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।

## केडिट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बाबूलाल गौर पीजी कालेज में सत्र 2024-25 के एनसीसी बैच ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्था का गौरव बढ़ाया। इसमें अखिलेश कुमार, सुजल, पुष्पेन्द्र, पारूल और ताकेश्वरी ने सी सर्टिफिकेट परीक्षा में ए ग्रेड प्राप्त करना, अखिलेश कुमार द्वारा एसएनआईसी अंडमान-निकोबार में सहभागिता करना है। इसके अलावा अंकित, पुष्पेंद्र, सूरज, पंकज, निखिल द्विवेदी, पारुल, करन ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में सहभागिता उल्लेखनीय रही है।

स्वदेश

## एनसीसी कैडेट्स ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



भोपाल। भेल स्थित बाबूलाल गौर शासकीय पीजी कॉलेज में सत्र 2024-25 के एनसीसी बैच ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्था का गौरव बढ़ाया। कॉलेज के एनसीसी छात्र अखिलेश कुमार सुजल, पुष्पेंद्र, पारूल एवं ताकेश्वरी ने सी सर्टिफिकेट परीक्षा में ए ग्रेड प्राप्त किया। अखिलेश एसएनआईसी अंडमान-निकोबार और अंकित, पुष्पेंद्र, सूरज, पंकज, निखिल द्विवेदी, पारुल, करन ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में सहभागिता की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय जैन एवं एनसीसी आफीसर डॉ. वर्षा चौहान ने

स्वदेश भोपाल

राजधानी 16.4.2025

संक्षिप्त समाचार

## सामाजिक समरसता बढ़ाने में अंबेडकर का योगदान : पांडे



भोपाल। सामाजिक समरसता बढ़ाने और अस्पृश्यता दूर करने में बाबा साहेब अंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान रहा है। उनका जीवन संघर्षमय रहा है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा समानता और बंधुत्व के भाव का विकास किया। उक्त विचार समाजसेवी डॉ. आलोक पांडे ने मंगलवार को भेल के बाबूलाल गौर शासकीय पीजी कॉलेज में वर्तमान संदर्भ में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित व्याख्यान माला में व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार एवं प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने मुख्य अतिथि डॉ. आलोक पांडे का शॉल, श्रीफल, पौधा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र विजय कश्यप, दिनेश राजपाली, हर्ष नामदेव और अशोक गौतम ने अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. मीता बादल तथा आभार डॉ. अनुपमा यादव ने व्यक्त किया।

16.4.2025

समाजसेवी डॉ. आलोक ने आंबेडकर पर कहा

## अस्पृश्यता दूर करने में बाबा साहेब का है अमिट योगदान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सामाजिक समरसता बढ़ाने और अस्पृश्यता दूर करने में आंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान रहा है। उनका जीवन संघर्षमय रहा है, वे कुशाग्र बुद्धि के थे, उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा समानता और बंधुत्व के भाव का विकास किया। उक्त विचार समाजसेवी डॉ. आलोक पांडे ने मंगलवार को बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वर्तमान संदर्भ में डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कॉलेज में डॉ. बीआर आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. आलोक पांडे ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं, क्योंकि उन्होंने सामाजिक समरसता बढ़ाने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने तथा समानता और बंधुत्व की भावना का विकास किया। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्षमय रहा, वे कुशाग्र बुद्धि के थे, जिसके कारण उन्होंने समाज को संवैधानिक अधिकार दिलाकर नई दिशा दी।

स्वदेश ज्योति

## सामाजिक समरसता बढ़ाने में अंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान: डॉ. पांडे



**भोपाल।** सामाजिक समरसता बढ़ाने और अस्पृश्यता दूर करने में अंबेडकर जी का अविस्मरणीय योगदान रहा है। उनका जीवन संघर्षमय रहा है, वे कुशाग्र बुद्धि के थे, उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा समानता और बंधुत्व के भाव का विकास किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार एवं प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने मुख्य अतिथि डॉ. आलोक पांडे का शॉल, श्रीफल, पौधा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी विजय कश्यप, दिनेश राजपाली, हर्ष नामदेव और अशोक गौतम ने अंबेडकर जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीता बादल ने किया तथा आभार डॉ. अनुपमा यादव ने व्यक्त किया।

Bhopal Main-Edition Edition
Apr 16, 2025 Page No. 4
Powered by: erelego.com

# समाचार पत्रों से

## मौन रखकर दी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि



**भोपाल।** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल में पहलगांव हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन रखा गया तथा आतंकियों के इस कायराना हरकत की भत्र्सना की गयी। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार, सदस्य तेजसिंह ठाकुर प्राचार्य डा संजय जैन सहित सभी स्टाफ के सदस्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पहलगाम की आतंकी घटना पर भेल कॉलेज परिवार ने मौन रख दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल में बीते दिनों पहलगांव हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनिट का मौन रखा कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही आतंकियों की इस कायराना हरकत की भत्र्सना की गई। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार, सदस्य तेजसिंह ठाकुर, प्राचार्य डा संजय जैन और महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

30.4.2025



**भोपाल।** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में पहलगाव हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन रखा गया तथा आतंकियों के इस कायराना हरकत की निंदा की गयी। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार, सदस्य तेजसिंह ठाकुर प्राचार्य डॉ. संजय जैन सहित सभी स्टाफ के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्टूडेंट कॉर्नर

## नयी कलम से............

### सपने बचपन के

आओ आज सुना दूँ तुमको उन सपनों की मधुर कहानी
जिनको बुनती और सजाती आंगन में जैसे फुलवारी

मैंने देखा था सपनों में आसमान से रंग बरसते
फूलों की पोशाक पहनकर तारों को धरती पर आते,

सब आकर जब मुझे सजाते, चमकीली चुनरी उढ़ाते
सिंहासन पर मुझे बिठाकर, कहते तू सपनों की रानी

आओ आज सुना दूँ तुमको उन सपनों की मधुर कहानी
नहीं समझ पाई मैं अब तक, किसने मेरा बचपन छीना
खेल कूद का मौसम छीना

कौन लुटेरा लूट ले गया, मेरी उछल कूद किलकारी
बचपन की मेरी फुलवारी

मेरे बचपन के सब साथी, कब बिछड़े और कब दूर हो गए
सपनों के हुए वे मेल झरोखे न जाने कहाँ खो गए

मेरे कितने मीठे सपने मुझे छोड़ कब दूर हो गए,
मेरे सपने चूर हो गए

शेष रह गई करूण कहानी
आओ आज सुना दूँ तुमको, उन सपनों की मधुर कहानी
आओ आज सुना दूँ तुमको, उन सपनों की मधुर कहानी ।।

अभिषेक
बी.कॉम. तृतीय वर्ष

## प्रतिक्रियाएँ ई-मेल द्वारा प्राप्त

'तरंग' का अप्रैल अंक अच्छा लगा। हमारी साहित्यिक अभिरुचि बढ़ाने और नयी-नयी जानकारी देने के लिए तरंग टीम को धन्यवाद।

अंजली मालवीय
बी.ए. प्रथम वर्ष

माह- अप्रैल के 'तरंग' अंक ने मुझे बहुत प्रभावित किया। हिंदी विभाग की कार्यशाला हमारे लिए बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी रही थी। अगले अंक में हमें प्रवेश नवीनीकरण की जानकारी दी जाए, विनम्र आग्रह है।

मनीष वट्टी
बी.ए. प्रथम वर्ष

# ★ तरंग स्टार ★

## एन.सी.सी. बैच ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्था को किया गौरवान्वित



★ ये सभी इस अंक के तरंग स्टार हैं ★

महाविद्यालय के सत्र 2024-25 के एन. सी. सी. बैच ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्था का गौरव बढ़ाया, जिसमें अखिलेश कुमार, सुजल, पुष्पेन्द्र, पारूल एवं ताकेश्वरी द्वारा 'सी' सर्टिफिकेट परीक्षा में ए ग्रेड प्राप्त करना, अखिलेश कुमार द्वारा एस. एन. आई. सी. अंडमान-निकोबार में सहभागिता करना तथा अंकित, पुष्पेंद्र, सूरज, पंकज, निखिल द्विवेदी, पारुल, करन ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में सहभागिता उल्लेखनीय है । प्राचार्य डॉ. संजय जैन एवं एन.सी.सी. ऑफिसर डॉ. वर्षा चौहान ने सभी केडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है ।

# विद्यार्थियों के लिये महत्त्वपूर्ण जानकारी

## सत्र- 2025-26 हेतु फीस विवरण

### कार्यालय प्राचार्य बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल

ई-मेल- hegpgcbhelbho@mp.gov.in

वर्ष- 2025-26 में महाविद्यालय में प्रवेशित नियमित विद्यार्थियो से ली जाने वाली शुल्क का विवरण

स्नातक पाठ्यक्रम

| क्र. | कक्षा एवं पाठ्यक्रम | अशासकीय शुल्क | जनभागीदारी शुल्क | आधार पाठ्यक्रम | स्ववित्तीय शुल्क | सामान्य / ओबीसी छात्र | एस.सी. / एस.टी./ विकलांग छात्र एवं छात्राएँ, सामान्य वर्ग छात्राएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए. प्रथम वर्ष | 579 | 1871 | 50 | 0 | 2500 | 2380 |
| 2 | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 479 | 1921 | 100 | 0 | 2500 | 2380 |
| 3 | बी.ए. तृतीय वर्ष | 479 | 1821 | 200 | 0 | 2500 | 2380 |
| 4 | बी.ए. चतुर्थ वर्ष | 479 | 1821 | 200 | 0 | 2500 | 2380 |
| 5 | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 579 | 1871 | 50 | 0 | 2500 | 2380 |
| 6 | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 479 | 1921 | 100 | 0 | 2500 | 2380 |
| 7 | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 479 | 1821 | 200 | 0 | 2500 | 2380 |
| 8 | बी.कॉम. चतुर्थ वर्ष | 479 | 1821 | 200 | 0 | 2500 | 2380 |
| 9 | बी.एससी. (गणित) प्रथम वर्ष | 579 | 1871 | 50 | 0 | 2500 | 2380 |
| 10 | बी.एससी. (गणित) द्वितीय वर्ष | 479 | 1921 | 100 | 0 | 2500 | 2380 |
| 11 | बी.एससी. (गणित) तृतीय वर्ष | 479 | 1821 | 200 | 0 | 2500 | 2380 |
| 12 | बी.एससी. (गणित) चतुर्थ वर्ष | 479 | 1821 | 200 | 0 | 2500 | 2380 |
| 13 | बी.एससी. (बायो) प्रथम वर्ष | 579 | 2371 | 50 | 0 | 3000 | 2880 |
| 14 | बी.एससी. (बायो) द्वितीय वर्ष | 479 | 2421 | 100 | 0 | 3000 | 2880 |
| 15 | बी.एससी. (बायो) तृतीय वर्ष | 479 | 2321 | 200 | 0 | 3000 | 2880 |
| 16 | बी.एससी. (बायो) चतुर्थ वर्ष | 479 | 2321 | 200 | 0 | 3000 | 2880 |
| | स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम | | | | | | |
| 17 | एम.ए. पूर्वार्द्ध राजनीतिशास्त्र | 664 | 2336 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |
| 18 | एम.ए. उत्तरार्द्ध राजनीतिशास्त्र | 494 | 2506 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |
| 19 | एम.ए. पूर्वार्द्ध अर्थशास्त्र | 664 | 2336 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |
| 20 | एम.ए. उत्तरार्द्ध अर्थशास्त्र | 494 | 2506 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |
| 21 | एम.कॉम. पूर्वार्द्ध | 664 | 2336 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |
| 22 | एम.कॉम. उत्तरार्द्ध | 494 | 2506 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |
| 23 | एम.एससी. बॉटनी पूर्वार्द्ध | 664 | 2336 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |
| 24 | एम.एससी. बॉटनी उत्तरार्द्ध | 494 | 2506 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |
| 25 | एम.एससी. गणित पूर्वार्द्ध | 664 | 2336 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |
| 26 | एम.एससी. गणित उत्तरार्द्ध | 494 | 2506 | 0 | 0 | 3000 | 2820 |

नोट:- पीएच.डी. छोड़कर शेष एस.सी. / एस.टी. / विकलांग छात्र एवं समस्त वर्ग की छात्राओं को शिक्षण शुल्क से मुक्त रखा गया है।

डॉ. संजय कुमार जैन
प्राचार्य

### कार्यालय प्राचार्य बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल

ई-मेल- hegpgcbhelbho@mp.gov.in

वर्ष- 2025-26 में महाविद्यालय में प्रवेशित नियमित विद्यार्थियो से ली जाने वाली शुल्क का विवरण

स्ववित्तीय पाठ्यक्रम

| क्र. | कक्षा एवं पाठ्यक्रम | अशासकीय शुल्क | जनभागीदारी शुल्क | आधार पाठ्यक्रम | स्ववित्तीय शुल्क | सामान्य / ओबीसी छात्र | एस.सी. / एस.टी./ विकलांग छात्र एवं छात्राएँ, सामान्य वर्ग छात्राएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.एससी. सीएनडी प्रथम वर्ष | 579 | 4371 | 50 | 7000 | 12000 | 11880 |
| 2 | बी.एससी. सीएनडी द्वितीय वर्ष | 479 | 4421 | 100 | 7000 | 12000 | 11880 |
| 3 | बी.एससी. सीएनडी तृतीय वर्ष | 479 | 4321 | 200 | 7000 | 12000 | 11880 |
| 4 | बी.एससी. सीएनडी चतुर्थ वर्ष | 479 | 4321 | 200 | 7000 | 12000 | 11880 |
| 5 | बी.एससी. बायोटेक प्रथम वर्ष | 579 | 2871 | 50 | 10500 | 14000 | 13880 |
| 6 | बी.एससी. बायोटेक द्वितीय वर्ष | 479 | 2921 | 100 | 10500 | 14000 | 13880 |
| 7 | बी.एससी. बायोटेक तृतीय वर्ष | 479 | 2821 | 200 | 10500 | 14000 | 13880 |
| 8 | बी.एससी. बायोटेक चतुर्थ वर्ष | 479 | 2821 | 200 | 10500 | 14000 | 13880 |
| 9 | बी.कॉम. कम्प्यूटर प्रथम वर्ष | 579 | 3531 | 50 | 7840 | 12000 | 11880 |
| 10 | बी.कॉम. कम्प्यूटर द्वितीय वर्ष | 479 | 3581 | 100 | 7840 | 12000 | 11880 |
| 11 | बी.कॉम. कम्प्यूटर तृतीय वर्ष | 479 | 3481 | 200 | 7840 | 12000 | 11880 |
| 12 | बी.कॉम. कम्प्यूटर चतुर्थ वर्ष | 479 | 3481 | 200 | 7840 | 12000 | 11880 |
| 13 | बी.कॉम. टी.टी. प्रथम वर्ष | 579 | 3871 | 50 | 9500 | 14000 | 13880 |
| 14 | बी.कॉम. टी.टी. द्वितीय वर्ष | 479 | 3921 | 100 | 9500 | 14000 | 13880 |
| 15 | बी.कॉम. टी.टी. तृतीय वर्ष | 479 | 3821 | 200 | 9500 | 14000 | 13880 |
| 16 | बी.कॉम. टी.टी. चतुर्थ वर्ष | 479 | 3821 | 200 | 9500 | 14000 | 13880 |
| 17 | पी.जी. डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट | 664 | 2336 | 0 | 17000 | 20000 | 19820 |
| 18 | पीएच.डी. | 550 | 11450 | 0 | 0 | 12000 | 12000 |

नोट:- पीएच.डी. छोड़कर शेष एस.सी. / एस.टी. / विकलांग छात्र एवं समस्त वर्ग की छात्राओं को शिक्षण शुल्क से मुक्त रखा गया है।

डॉ. संजय कुमार जैन
प्राचार्य

### कार्यालय प्राचार्य बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल

ई-मेल- hegpgcbhelbho@mp.gov.in

वर्ष- 2025-26 में महाविद्यालय में प्रवेशित नियमित विद्यार्थियो से ली जाने वाली शुल्क का विवरण

| | B.A., B.Com.(Plain) | | | | B.Sc. (Maths) | | | | B.Sc. (Bio) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशासकीय शुल्क | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ |
| बीमा | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| छात्र संघ | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 |
| निर्धन छात्र निधि | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| परिचय पत्र | 50 | | | | 50 | | | | 50 | | | |
| नामांकन शुल्क | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| धरोहर | 60 | | | | 60 | | | | 60 | | | |
| विकास शुल्क | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 |
| स्थानीय शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| सम्मिलित निधि | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 |
| क्रीड़ा शुल्क | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 |
| स्नेह सम्मेलन | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| चिकित्सा शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| कॉमन रूम | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| सांस्कृतिक गतिविधि | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 |
| कैरियर मार्गदर्शन | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 |
| साहसिक गतिविधि | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| सायकिल स्टैंड | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| प्रवेश फॉर्म | | 10 | 10 | 10 | | 10 | 10 | 10 | | 10 | 10 | 10 |
| **योग** | **579** | **479** | **479** | **479** | **579** | **479** | **479** | **479** | **579** | **479** | **479** | **479** |
| जनभागीदारी शुल्क | | | | | | | | | | | | |
| प्रवेश शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| पुस्तकालय शुल्क | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 |
| जनभागीदारी शुल्क | 1416 | 1466 | 1366 | 1366 | 1196 | 1246 | 1146 | 1146 | 1586 | 1636 | 1536 | 1536 |
| शिक्षण शुल्क | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 |
| प्रयोगशाला शुल्क | | | | | 220 | 220 | 220 | 220 | 330 | 330 | 330 | 330 |
| वार्षिक गतिविधि शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 |
| कम्प्यूटर चार्जेस | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| **योग** | **1871** | **1921** | **1821** | **1821** | **1871** | **1921** | **1821** | **1821** | **2371** | **2421** | **2321** | **2321** |
| आधार पाठ्यक्रम | 50 | 100 | 200 | 200 | 50 | 100 | 200 | 200 | 50 | 100 | 200 | 200 |
| **कुल योग** | **2500** | **2500** | **2500** | **2500** | **2500** | **2500** | **2500** | **2500** | **3000** | **3000** | **3000** | **3000** |
| छात्रा / एस.सी., एस.टी. / विकलांग | 2380 | 2380 | 2380 | 2380 | 2380 | 2380 | 2380 | 2380 | 2880 | 2880 | 2880 | 2880 |

नोट:- पीएच.डी. छोड़कर शेष एस.सी. / एस.टी. / विकलांग छात्र एवं समस्त वर्ग की छात्राओं को शिक्षण शुल्क से मुक्त रखा गया है।

डॉ. संजय कुमार जैन
प्राचार्य

### कार्यालय प्राचार्य बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल

ई-मेल- hegpgcbhelbho@mp.gov.in

वर्ष- 2025-26 में महाविद्यालय में प्रवेशित नियमित विद्यार्थियो से ली जाने वाली शुल्क का विवरण

| | B.Sc. (CND) | | | | B.Sc. (Biotech) | | | | B.Com. (Computer) | | | | B.Com. (T.T.) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशासकीय शुल्क | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ |
| बीमा | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| छात्र संघ | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 |
| निर्धन छात्र निधि | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| परिचय पत्र | 50 | | | | 50 | | | | 50 | | | | 50 | | | |
| नामांकन शुल्क | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| धरोहर | 60 | | | | 60 | | | | 60 | | | | 60 | | | |
| विकास शुल्क | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 |
| स्थानीय शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| सम्मिलित निधि | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 |
| क्रीड़ा शुल्क | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 |
| स्नेह सम्मेलन | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| चिकित्सा शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| कॉमन रूम | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| सांस्कृतिक गतिविधि | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 |
| कैरियर मार्गदर्शन | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 |
| साहसिक गतिविधि | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| सायकिल स्टैंड | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| प्रवेश फॉर्म | | 10 | 10 | 10 | | 10 | 10 | 10 | | 10 | 10 | 10 | | 10 | 10 | 10 |
| **योग** | **579** | **479** | **479** | **479** | **579** | **479** | **479** | **479** | **579** | **479** | **479** | **479** | **579** | **479** | **479** | **479** |
| जनभागीदारी शुल्क | | | | | | | | | | | | | | | | |
| प्रवेश शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| पुस्तकालय शुल्क | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 |
| जनभागीदारी शुल्क | 3586 | 3636 | 3536 | 3536 | 2086 | 1136 | 2036 | 2036 | 2966 | 3016 | 2916 | 2916 | 3416 | 3466 | 3366 | 3366 |
| शिक्षण शुल्क | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 |
| प्रयोगशाला शुल्क | 330 | 330 | 330 | 330 | 330 | 330 | 330 | 330 | 110 | 110 | 110 | 110 | | | | |
| वार्षिक गतिविधि शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 |
| कम्प्यूटर चार्जेस | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| **योग** | **4371** | **4421** | **4321** | **4321** | **2871** | **1921** | **2821** | **2821** | **3531** | **3581** | **3481** | **3481** | **3871** | **3921** | **3821** | **3821** |
| स्ववित्तीय | 7000 | 7000 | 7000 | 7000 | 10500 | 10500 | 10500 | 10500 | 7840 | 7840 | 7840 | 7840 | 9500 | 9500 | 9500 | 9500 |
| आधार पाठ्यक्रम | 50 | 100 | 200 | 200 | 50 | 100 | 200 | 200 | 50 | 100 | 200 | 200 | 50 | 100 | 200 | 200 |
| **कुल योग** | **12000** | **12000** | **12000** | **12000** | **14000** | **13000** | **14000** | **14000** | **12000** | **12000** | **12000** | **12000** | **14000** | **14000** | **14000** | **14000** |
| छात्रा / एस.सी., एस.टी. / विकलांग | 11880 | 11880 | 11880 | 11880 | 13880 | 12880 | 13880 | 13880 | 11880 | 11880 | 11880 | 11880 | 13880 | 13880 | 13880 | 13880 |

नोट:- पीएच.डी. छोड़कर शेष एस.सी. / एस.टी. / विकलांग छात्र एवं समस्त वर्ग की छात्राओं को शिक्षण शुल्क से मुक्त रखा गया है।

डॉ. संजय कुमार जैन
प्राचार्य

### कार्यालय प्राचार्य बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल

ई-मेल- hegpgcbhelbho@mp.gov.in

वर्ष- 2025-26 में महाविद्यालय में प्रवेशित नियमित विद्यार्थियो से ली जाने वाली शुल्क का विवरण

| | M.A. Political Science | | M.A. Economics | | M.Com. | | M.Sc. Botany | | M.Sc. Maths | | P.G. Diploma Tourism & Hotel Management | Ph.D. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशासकीय शुल्क | प्रथम | द्वितीय | प्रथम | द्वितीय | प्रथम | द्वितीय | प्रथम | द्वितीय | प्रथम | द्वितीय | प्रथम | |
| बीमा | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | |
| छात्र संघ | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | |
| निर्धन छात्र निधि | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | |
| परिचय पत्र | 50 | | 50 | | 50 | | 50 | | 50 | | 50 | 50 |
| विभागीय पुस्तकालय | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | |
| धरोहर | 100 | | 100 | | 100 | | 100 | | 100 | | 100 | 500 |
| विकास शुल्क | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | |
| स्थानीय शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | |
| सम्मिलित निधि | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | 32 | |
| क्रीड़ा शुल्क | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | 250 | |
| स्नेह सम्मेलन | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | |
| चिकित्सा शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | |
| कॉमन रूम | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | |
| सांस्कृतिक गतिविधि | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | |
| कैरियर मार्गदर्शन | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | |
| साहसिक गतिविधि | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | |
| सायकिल स्टैंड | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | |
| वि.वि. पोर्टल | 30 | | 30 | | 30 | | 30 | | 30 | | 30 | |
| प्रवेश फॉर्म | | 10 | | 10 | | 10 | | 10 | | 10 | | |
| **योग** | **664** | **494** | **664** | **494** | **664** | **494** | **664** | **494** | **664** | **494** | **664** | |
| जनभागीदारी शुल्क | | | | | | | | | | | | |
| प्रवेश शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 100 |
| पुस्तकालय शुल्क | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 175 | 120 |
| जनभागीदारी शुल्क | 1821 | 1991 | 1821 | 1991 | 1821 | 1991 | 1381 | 1551 | 1821 | 1991 | 2001 | 2230 |
| शिक्षण शुल्क | 180 | 180 | 180 | 180 | 180 | 180 | 180 | 180 | 180 | 180 | | 9000 |
| प्रयोगशाला शुल्क | | | | | | | 440 | 440 | | | | |
| वार्षिक गतिविधि शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | |
| कम्प्यूटर चार्जेस | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | |
| **योग** | **2336** | **2506** | **2336** | **2506** | **2336** | **2506** | **2336** | **2506** | **2336** | **2506** | **2336** | 12000 |
| स्ववित्तीय | | | | | | | | | | | 17000 | |
| **कुल योग** | **3000** | **3000** | **3000** | **3000** | **3000** | **3000** | **3000** | **3000** | **3000** | **3000** | **20000** | 12000 |
| छात्रा / एस.सी., एस.टी. / विकलांग | 2820 | 2820 | 2820 | 2820 | 2820 | 2820 | 2820 | 2820 | 2820 | 2820 | 19820 | 12000 |

नोट:- पीएच.डी. छोड़कर शेष एस.सी. / एस.टी. / बिकलांग छात्र एवं समस्त वर्ग की छात्राओं को शिक्षण शुल्क से मुक्त रखा गया है।

डॉ. संजय कुमार जैन
प्राचार्य

## आगामी कार्यक्रम

- **ई-प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ ।**

ePravesh
Your Admission. Our eSolution.

## संपादक की पाती

**माह- मई 2025 का ' तरंग ' अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ । आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी । विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि 'स्टूडेंट कॉर्नर' के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।**

**सौजन्य ई-न्यूज़लेटर समितिः-** डॉ. सुषमा जादौन (संयोजक)
डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. मीता बादल
सुश्री आकांक्षा शर्मा (कम्प्यूटर वर्क)